# तू मेहरबान हो गया श्याम भजन लिरिक्स

मेरे श्याम प्यारे आया तेरे द्वारे,
किये सांवरे तूने मेरे वारे न्यारे,
हो गया अब मेरा ये जहान,
तू मेहरबान हो गया,
तू मेहरबान हों गया।bd।

तर्ज – तू पहचान बन गया।

---

जब से तुम्हारी कृपा हो गई है,
जग का नजरिया बदलने लगा है,
काबिल जो समझा मुझे तूने अपने,
जमाना भी काबिल समझने लगा है,
तेरा करम है है तेरी ही माया,
क्या करूँ शब्दों में मैं बयां,
तू मेहरबान हों गया,
तू मेहरबान हों गया।bd।

---

लायक नहीं था चरणों के तेरे,
तूने मुझे पलकों पे बिठाया,
देखा नहीं था ख्वाबों में मैंने,
हकीकत में तूने मुझे वो दिखाया,
इतना दिया है तेरा शुक्रिया,
जिंदगी में खुशी तूने दी,
तू मेहरबान हों गया,
तू मेहरबान हों गया।bd।

---

मेरा नसीबा मेरा मुक्कदर,
सबकुछ जुड़ा है बस तेरे दर से,
अपनी कृपा का हाथ ओ बाबा,
कभी ना हटाना 'माधव' के सर से,
तूने संवारा जीवन ये सारा,
है मेरी बंदगी एक तू ही,
तू मेहरबान हों गया,
तू मेहरबान हों गया।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मेरे श्याम प्यारे आया तेरे द्वारे,
किये सांवरे तूने मेरे वारे न्यारे,
हो गया अब मेरा ये जहान,
तू मेहरबान हो गया,
तू मेहरबान हों गया।bd।

**Singer – Vibha Mishra**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com